भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2078
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विरासत अपनाएं

†2078. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश राज्य में “विरासत अपनाएं-अपनी धरोहर, अपनी पहचान” योजना के अंतर्गत अपनाए गए विरासत स्थलों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश राज्य में विरासत स्थलों के विकास और रख-रखाव के लिए वर्ष-वार और जिला-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित और संवितरित की गई है;

(ग) क्या अनंतपुर जिले में गूटी किले को "विरासत अपनाएं-अपनी धरोहर, अपनी पहचान" योजना में शामिल किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस धरोहर को अपनाने वाले का नाम क्या है और इस सम्बन्ध में कितनी धनराशि आबंटित की गई है और इसके विकास और रखरखाव कार्यों की स्थिति क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो इसे शामिल नहीं किए जाने के क्या कारण हैं और क्या इसे शामिल करने का कोई प्रस्ताव अथवा योजना है; और

(ङ) क्या आन्ध्र प्रदेश राज्य में "विरासत अपनाएं-अपनी धरोहर, अपनी पहचान" योजना के कार्यान्वयन में किन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण, संस्कृति मंत्रालय द्वारा सितंबर 2023 के दौरान एक विरासत अपनाएं 2.0 कार्यक्रम शुरू किया गया था । अब तक, “एक विरासत अपनाएं-2.0” के तहत आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय महत्व के किसी भी संरक्षित स्मारक को नहीं अपनाया गया है ।

एक विरासत अपनाएं प्रोग्राम 2.0 के तहत, अब तक, कुल 66 स्मारकों को कवर करते हुए 19 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं । उक्त समझौता ज्ञापनों की सूची **अनुबंध** में दी गई है ।

(ग) और (घ): जी हां । "गूटी, अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) में हिल फोर्ट और उसके भीतर की इमारतों तथा पहाड़ी की तलहटी में बने दुर्ग” जो राष्ट्रीय महत्व के संरक्षित स्मारक है, को एएसआई द्वारा "एक विरासत अपनाएं 2.0" कार्यक्रम नामक नए वर्जन के लिए शुरू किए गए विशिष्ट पोर्टल (https://indianheritage.gov.in) पर सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें स्मारकों की पहचान, आवेदन और चयन की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है ।

(ङ): जी नहीं । वर्तमान में, कोई भी चुनौती को चिह्नित नहीं किया गया है ।

*****

अनुबंध

श्री जी. लक्ष्मीनारायण द्वारा विरासत अपनाएं के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2078 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

एक विरासत अपनाएं 2.O कार्यक्रम के तहत समझौता ज्ञापन की सूची

क्र. सं.	स्मारक का नाम	स्मारक सारथी/स्मारक साथी	राज्य
1	आगरा किला, आगरा (यूपी)	ईज़ माई ट्रिप फाउंडेशन	आगरा
2	i. बलबन का मकबरा	सभ्यता फाउंडेशन	दिल्ली
	ii.जमाली कमाली मस्जिद		
	iii. राजोंकी बावली		
	iv. गंधक बावली		
	(महरौली पुरातत्व पार्क, दिल्ली)		
3	बौद्ध स्तूप, केसरिया, चंपारण (बिहार)	आईडीडी व्यापार परिषद	पटना
4	कैलाशनाथ मंदिर, कांचीपुरम (तमिलनाडु)	चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (सीआईएफसीएल)	चेन्नई
5	कंदरिया मंदिर, खजुराहो, छतरपुर (मप्र) (मंदिरों का पश्चिमी समूह)	ईज़ माई ट्रिप फाउंडेशन	जबलपुर
6	सफदरजंग मकबरा, दिल्ली	सभ्यता फाउंडेशन	दिल्ली
7	स्मारक समूह, मामल्लापुरम, कांचीपुरम (तमिलनाडु)	चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (सीआईएफसीएल)	तमिलनाडु
8	सूर्य मंदिर, कोणार्क, पुरी (ओडिशा)	ईज़ माई ट्रिप फाउंडेशन	ओडिशा
9	एलीफेंटा गुफाएं, रायगढ़ (महाराष्ट्र)	महेश एंटरप्राइजेज एंड इंफ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र
10	अपर फोर्ट अगुआडा, गोवा	दृष्टि लाइफसेविंग प्राइवेट लिमिटेड	गोवा
11	पुराना किला, दिल्ली	सभ्यता फाउंडेशन	दिल्ली
12	कुतुबमीनार, दिल्ली	ईज़ माई ट्रिप फाउंडेशन	दिल्ली
13	हुमायूं का मकबरा, दिल्ली	सभ्यता फाउंडेशन	दिल्ली
14	जंतर मंतर	पॉवरलिंक्स ट्रांसमिशन लिमिटेड	दिल्ली
15	उग्रसेन की बावली	ज़ी आकाश	दिल्ली
16	स्मारक समूह, हौजखास	टाटा पावर ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड	दिल्ली
17	दिल्ली गेट	रेडटेप लिमिटेड	दिल्ली
18	कश्मीरी गेट और मोरी गेट	रेडटेप लिमिटेड	दिल्ली
19	भीमबेटका के शैलाश्रय	एचईजी लिमिटेड	मध्य प्रदेश

*****